'रबी के लिए 2 हजार क्विंटल बीजों का उत्पादन करेगा एस.के.आर.ए.यू.'

बीकानेर,(कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय रबी फसल 2024-25 के लिए कुल करीब 02 हजार क्विंटल बीजों का उत्पादन करेगा।

जिन फसलों के बीजों का उत्पादन किया जायेगा उनमें गेहूं, चना, सरसों, जीरा, मैथी, इसबगोल, रिजका, काचरी आदि के प्रजनक बीज, आधार बीज, प्रमाणित बीज शामिल है। राष्ट्रीय बीज परियोजना के अंतर्गत रबी फसल 2024-25 में बीज उत्पादन को लेकर कुलपति डॉ अरूण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के पूर्व निदेशक बीज डॉ सी.पी.सचान थे।

रबी फसल के लिए बीज उत्पादन को लेकर समीक्षा बैठक को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरूण कुमार ने संबोधित किया।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के पूर्व निदेशक बीज डॉ सी.पी.सचान ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक स्थानीय आवश्यकता एवं मांग के अनुसार विभिन्न फसलों के उच्च गुणवत्ता युक्त बीजों का उत्पादन करें। साथ ही कहा कि कृषि वैज्ञानिक आधार एवं प्रमानित बीजों का ज्यादा उत्पादन करें ताकि कृषि विश्वविद्यालय को राजस्व की प्राप्ति अधिक हो।

कुलपति डॉ अरूण कुमार ने कहा कि बीज उत्पादन में किसानों की सहभागिता को बढ़ाया जाए। सभी केवीके कम से कम 5-5 किसानों के साथ सहभागिता करते हुए संबंधित किसान के खेत पर ही उच्च गुणवत्ता का बीज उत्पादन करें। साथ ही उच्च गुणवत्ता वाला बीज उत्पादन को लेकर किसानों को प्रशिक्षण भी दें। कुलपति ने बीज उत्पादन से संबंधित सभी कृषि वैज्ञानिकों को निर्देशित किया कि उच्च क्वालिटी के आधार बीज, प्रमाणित बीज ज्यादा से ज्यादा पैदा कर क्षेत्र के किसानों को समय पर उपलब्ध करवाएं। अगर हमारे किसानों को उच्च गुणवत्ता का बीज समय पर मिलता है तो उत्पादन स्वत: ही 40-50 फीसदी तक बढ़ जायेगा।

वित्त नियंत्रक राजेन्द्र कुमार खत्री ने सुझाव दिया कि उच्च गुणवत्ता के बीज उत्पादन हेतु ठेके पर बीज उत्पादन कार्य की मॉनिटरिंग अच्छे से की जाए। निविदा के समय ऐसी टर्म एंड कंडीशन हो कि उच्च गुणवत्ता बीज उत्पादन हेतु ठेकेदारों पर नियंत्रण बना रहे।

इससे पूर्व अतिरिक्त निदेशक बीज डॉ पी.सी. गुप्ता ने रबी फसल 2023-24 में विभिन्न फसलों के सभी श्रेणी में उत्पादित किए गए बीजों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। साथ ही रबी फसल 2024-25 में विभिन्न फसलों के सभी श्रेणी में उत्पादन किए जाने वाले बीजों के लक्ष्य का प्रस्तुतिकरण दिया। कार्यक्रम के आखिर में बीज उत्पादन अधिकारी डॉ जे. के. तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

बैठक में अनुसंधान निदेशक डॉ विजय प्रकाश, प्रसार निदेशक डॉ पी.एस. शेखावत, कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ पी.के.यादव, अतिरिक्त निदेशक बीज डॉ पी.सी.गुप्ता समेत जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय से आये अनुसंधान निदेशक, डॉ मनमोहन सुंदरिया, प्रसार निदेशक डॉ प्रदीप पगारिया, अतिरिक्त निदेशक बीज डॉ सैमुअल जुबेरस्वन, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय व जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के सभी

■ रबी फसल 2024-25 के लिए बीज उत्पादन को लेकर समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया

केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष समेत हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, चूरू, झुंझुनूं और जैसलमेर से आये वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक उपस्थित थे।

वहीं वेटरनरी विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय और बीकानेर जिला उद्योग संघ के संयुक्त तत्वावधान में 'बीकानेर में पशुधन आधारित उद्यम: परिदृश्य और संभावनाएं' पर परिचर्चा के लिए वैज्ञानिक-उद्योग सम्पर्क बैठक का आयोजन 10 अक्टूबर को प्रात: 11.00 बजे कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित की अध्यक्षता में किया जायेगा।

बैठक में बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष डी.पी. पचीसिया भी शामिल होंगे। प्रो. राजेश कुमार धूड़िया, निदेशक प्रसार शिक्षा ने बताया कि इस परिचर्चा में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन के क्षेत्र से जुड़े हुए बीकानेर के विभिन्न उद्योगों जैसे डेयरी, ऊन, मुर्गी व अण्डा, पशु आहार एवं विभिन्न डेयरी उत्पाद उद्योगों के उद्यमियों के साथ इस क्षेत्र के विकास, बाधाएं, संभावनाएं एवं आगामी कार्ययोजना पर परिचर्चा की जायेगी। वेटरनरी विश्वविद्यालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिक भी इस परिचर्चा में शामिल होंगे।

बीकानेर में राइजिंग समिट 13 नवम्बर को

बीकानेर,(कासं)। बीकानेर में राइजिंग राजस्थान समिट 13 नवम्बर को लक्ष्मी निवास पैलेस में होगी।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अगुवाई में इसकी तैयारियां वृहद स्तर पर चल रही हैं। वृष्णि जिले में निवेश करने वाले निवेशकों के संपर्क में हैं। रीको और उद्योग विभाग द्वारा उपखण्ड स्तरीय औद्योगिक क्षेत्रों में बैठकें की जा रही हैं और निवेशकों को भागीदारी के लिए आव्हान किया जा रहा है। जिले में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अब तक 82 निवेशकों ने जिले में 1 हजार 270 करोड़ रुपये के निवेश की मंशा जाहिर की है।

इससे जिले में 4 हजार 100 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा ने बताया कि जिले में सोलर, सिरेमिक, पर्यटन, एग्रो फूड, फूड, होटल एंड रिसोर्ट, कोल्ड स्टोरेज और ऊन आधारित उद्योगों से जुड़े एमओयू हुए हैं।

गोदारा ने बताया कि निवेश इकाई विस्तार के लिए बीकाजी फूड द्वारा 100 करोड़, जयपुर की ओविक सोलर एलएलपी द्वारा सोलर क्षेत्र में 200 करोड़, जोधपुर के डॉ सुनील चाण्डक द्वारा 100 बैड के अस्पताल निर्माण के लिए 100 करोड़ तथा सांई वीएसएलपी बायो एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद द्वारा बायो फ्यूल उद्योग क्षेत्र में 123.33 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में और अधिक निवेशकों से संपर्क किया जायेगा। जिससे बीकानेर में ज्यादा से ज्यादा निवेश हो।

सार-समाचार

ई-वेस्ट के बढ़ने पर चिंता जताई

सस्टेनेबल ई-वेस्ट मैनेजमेंट कार्यशाला को कपिल नायल ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय इलेक्ट्रोनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट), बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में सस्टेनेबल ई-वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कुलपति मनोज दीक्षित द्वारा ई-वेस्ट के बढ़ते आंकड़ों पर चिंता व्यक्त करते हुए आने वाली पीढ़ी के भविष्य हेतु ई-वेस्ट मैनेजमेंट पर ध्यान देने पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नाइलिट सेंटर, बीकानेर के डायरेक्टर कपिल नायल द्वारा ई-वेस्ट मैनेजमेंट की विभिन्न तकनीकों से छात्रों को अवगत करवाया। इस कार्यक्रम में 72 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर राजाराम चोयल, अतिरिक्त कुलसचिव डॉ बिट्टल दास बिस्सा, डॉ धर्मेश हरवानी, डॉ अनिल कुमार दुलार, डॉ मेघना शर्मा, डॉ लीला कौर, डॉ प्रभुदान चरण, डॉ सीमा शर्मा, डॉ प्रगति शर्मा, डॉ संतोष कंवर शेखावत, दीपा राव व शरदकांत स्वामी उपस्थित थे।

झपटमार गैंग फिर एक्टिव

बीकानेर, (कासं)। यहां झपटमार गैंग एक बार फिर हुई एक्टिव हो गई। शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तीन वारदातों को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने अलग-अलग मामले दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। रामपुरा बस्ती गली नंबर 19 निवासी मृदुला मिश्रा (46) पत्नी भवानी शंकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सात अक्टूबर को दोपहर करीब सवा दो से तीन बजे वह रेलवे हॉस्पिटल रोड लालगढ के पास से टैक्सी में गुजर रही थी। रास्ते में बाइक पर सवार दो नकाबपोश व्यक्तियों ने चलती हुई टैक्सी से मेरे हाथ से पर्स पर झपट्टा मार कर छीन ले गए। पीड़िता की रिपोर्ट पर मुक्ताप्रसाद नगर थाने में मामला दर्ज किया गया है। रानीबाजार निवासी प्रीती पारीक (33) पत्नी कौशल पारीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह जूनागढ के सामने गुमटी के पास से गुजर रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार तीन व्यक्ति उसके पास आए। उनमें से दो नकाबपोश व्यक्तियों ने झपट्टा मार कर बैग छीन लिया और भाग गए। सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी तरह चिडावा झुंझुनूं निवासी अंकित कुम्हार पुत्र दिनेश चंद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सात अक्टूबर को कोलायत जाने के लिए श्रीगंगानगर सर्किल पर बस में बैठा था। इस दौरान दो लोग आए और बस में बैठ गए। कुछ देर बाद उन्होंने मेरा बैग उठाया और भाग गए। सदर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

पासवान की पुण्यतिथि मनाई

बीकानेर, (कासं)। लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान की चौथी पुण्यतिथि मंगलवार को लोजपा (आर) बीकानेर इकाई की ओर से सेवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रमजान मुगल के सानिध्य में कार्यकर्ताओं ने स्व. रामविलास पासवान के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हे श्रद्धाजंलि देने के साथ उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। गरीबों और असहायों को भोजन कराया एवं फल वितरण किये गये। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव रमजान मुगल ने कहा कि स्व. रामविलास पासवान राष्ट्रसेवा के समर्पित जननेता थे। स्व.पासवान ने अपने राजनीति जीवनकाल में हर मोर्चे पर दलितों,शोषितों और मजलूमों के लिये संघर्ष किया। पार्टी के प्रदेश सचिव मंजूर कलाकार ने कहा कि शोषित वर्ग की आवाज बने स्व. रामविलास पासवान ने भारतीय राजनीति को नई दिशा देने में अहम योगदान दिया। वहीं जिला अध्यक्ष कुलदीप तंवर ने कार्यकर्ताओं को स्व. रामविलास पासवान के आदर्शों पर चलने का आव्हान किया। इस मौके पर नासीर हुसैन, कादीर हुसैन, लक्ष्मण सिंह पंवार, किसन सिंह, सदु खान, जाकिर खान, सवाई सिंह, किशोर सिंह, हनुमान तंवर, वेदप्रकाश पंवार, कुन्दन तंवर, मधुसूदन ओझा, सुशील ओझा, नानूराम नायक, फरमान मुगल, उस्मान अली, मोहम्मद अयूब समेत अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

बकाया कार्य पूरे कराने के निर्देश

बीकानेर, (कासं)। गामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं में प्रगति की समीक्षा बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने कहा कि विकास अधिकारी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा कर आमजन को लाभ दें। पीएमवाई ग्रामीण तथा शहरी की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि बकाया कार्य अगले सात दिन में पूरे किए जाएं। जियो टैगिंग से बकाया कार्य की जियो टैग करवाएं। सोहनलाल ने कहा कि आर आर सी के तहत ग्रामों में सफाई कार्य प्रारम्भ करवाएं। इसके लिए सभी गांवों में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर घर- घर कचरा संग्रहण के लिए रूट चार्ट तैयार कर लें। कचरे के सेग्रीगेशन के लिए रिकॉर्ड रखें। स्वच्छता गतिविधियों के संबंध में रजिस्टर संधारण करना होगा जिसमें फीडबैक अंकित किया जायेगा। इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जायेगी। सोहनलाल ने कहा कि बजट घोषणा की अनुपालना में स्कूलों में बकाया पिंक शौचालयों की स्वीकृति शीघ्र कर इन्हें समय पूरा करवाया जाए। भूमि स्वामित्व योजना की समीक्षा करते हुए सीईओ ने कहा कि पांचू, नोखा बीकानेर पंचायत समिति भूमि स्वामित्व की बकाया रिपोर्ट जल्द भिजवाएं। बैठक में आदर्श ग्राम योजना, सोख्ता कुएं निर्माण हेतु सूची भिजवाने,मनरेगा श्रमिकों का भुगतान, श्रमिकों की संख्या बढ़ाने, 100 दिन रोजगार का अधिकतम लाभ देने के निर्देश दिए गए। बैठक में समस्त विकास अधिकारी और अभियंता उपस्थित रहे।

फिर हुंकार भरने को तैयार हो रहा दशानन का परिवार

बीकानेर, (कासं)। अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व दशहरा शहर में धूमधाम से मनाया जायेगा। कई स्थानों पर दशहरा महोत्सव के आयोजन होंगे। रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन होगा।

भव्य आतिशबाजी होगी। दशहरा पर शहर में सचेतन झांकियां निकाली जायेगी। दशहरा महोत्सव को लेकर रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले तैयार हो रहे है। डॉ. करणी सिंह स्टेडियम, पॉलिटेक्निक कॉलेज, धरणीधर खेल मैदान, मुरली मनोहर मैदान पर दशहरा महोत्सव के आयोजन होंगे। महोत्सव को लेकर एक बार फिर दशानन परिवार हुंकार भरने के लिए तैयार हो रहा है।

दशहरा के लिए कारीगर पुतलों को तैयार करने में दिन रात जुटे हुए है। दशहरा कमेटियां मुख्य समारोह सहित सचेतन झांकियां निकालने की तैयारियों में भी जुटी हुई है। धरणीधर दशहरा

■ दशहरा के लिए कारीगर रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों को तैयार करने में दिन रात जुटे हैं

कमेटी की ओर से आयोजित होने वाले दशहरा महोत्सव के दौरान रावण के पुतले का दहन शंखनाद के बीच होगा। शंख ध्वनि और जय श्रीराम के जयघोष के बीच रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद का अहंकार धूं-धू कर जल उठेगा।

कमेटी के राजेश चूरा के अनुसार इस बार रावण के पुतले के दहन के साथ ही महोत्सव स्थल पर शंखनाद किया जायेगा। कमेटी अध्यक्ष के अनुसार मैदान को सजाने और लोगों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए है। पुख्ता पुलिस जाब्ता मौजूद रहेगा। रावण का दहन रात्रि 8 बजे होगा। धरणीधर ट्रस्ट अध्यक्ष नंदकुमार आचार्य के अनुसार इस बार शंखनाद को उत्सव का मुख्य हिस्सा बनाया गया है। भव्य आतिशबाजी होगी। कमेटी के दुर्गाशंकर आचार्य, जगमोहन आचार्य, नरेश आचार्य, मालचंद, सुनील रामावत, फूसाराम, बी.डी. आचार्य आदि सदस्य मैदान में विभिन्न व्यवस्थाओं को जिम्मा संभाले हुए है।

दशहरा महोत्सव के लिए रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले बनाए जा रहे है। इन पुतलों का आकार 65 से 85 फीट तक ऊंचा है। इनके सिर पर विशाल मुकुट लगाये जा रहे है। सैकड़ों पटाखों को इन पुतलों में रखा जा रहा है। उत्तरप्रदेश के कारीगर इन पुतलों को तैयार कर रहे हैं। भीनासर दशहरा महोत्सव के लिए रावण के पुतले को स्थानीय निवासी ही तैयार कर रहे हैं। डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा।

संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा का स्वागत

बीकानेर, (कासं)। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी दौसा से पदोन्नत होकर संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा बीकानेर संभाग का पदभार ग्रहण करने पर शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद के नेतृत्व में गोविंद नारायण माली का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते संयुक्त निदेशक माली ने कहा कि कार्यालय के अधिक संभाग में कार्यरत शिक्षकों के सभी कार्यों का निस्तारण समय पर करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि आप सभी सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाएं व बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रखें। साथ ही शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को लाभांवित करवाएं।

नमकीन फैक्ट्री व दुकानों से सैम्पल लिए

नोखा, (कासं)। प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को नोखा शहर के अलग-अलग तीन जगह पर कार्रवाई की। इसमें एक नमकीन फैक्ट्री में तेल व नमकीन का, दो मिठाई दुकानों पर नमकीन और मिठाई के सैंपल भरे।

यहां पर अन्य खाद्य उत्पादों की जांच भी की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र प्रजापत ने बताया कि संपर्क पोर्टल पर मिली शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की गई है। इसमें रीको इंडस्ट्रीयल एरिया में जीकेजी नमकीन फैक्ट्री में नमकीन बनाने के काम में लिए जाने वाले तेल और तैयार की गई नमकीन के सैम्पल लिए गए हैं। नवली गेट, रेलवे फाटक के पास श्याम ज्यूस एंड नमकीन भंडार पर पुराने सतू के लड्डुओं को नष्ट कराया गया। यहां पर नमकीन के सैम्पल भरे गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रवण कुमार वर्मा व भानुप्रताप सिंह ने बताया

■ नोखा में फैक्ट्री से नमकीन व दुकानों से मिठाई के सैम्पल लिए

कि रायसर फाटक पर महादेव मिष्ठान एंड नमकीन भंडार पर मिठाई के सैम्पल भरे गए। कार्रवाई टीम के अधिकारियों ने बताया कि भरे गए सैम्पलों को जांच के लिए लैबोरेट्री में भेजा जायेगा। कार्रवाई टीम ने दुकानदारों को मिलावटी व बासी मिठाई सहित किसी भी तरह के अवधिपार खाद्य पदार्थ नहीं बेचने और साफ-सफाई रखने की बात कही।

अभियान में कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। टीम के नोखा में कार्रवाई करने की भनक मिलते ही अन्य मिठाई विक्रेता सचेत हो गए। दुकान में रखी पुरानी व बासी मिठाई सहित अन्य अवधिपार के खाद्य उत्पादों को छिपाकर रख दिया।

पुनीत रंगा को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

बीकानेर, (कासं)। राज्य स्तरीय की प्रतिष्ठित संस्था अदबी उड़ान संस्था उदयपुर द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार और सम्मान प्रदत करने की समृद्ध परंपरा रही है। इसी के तहत वर्ष 2024 के नवें राष्ट्रीय अदबी उड़ान पुरस्कार के तहत बीकानेर के युवा साहित्यकार पुनीत कुमार रंगा को बाल साहित्य का राष्ट्रीय पुरस्कार देने की घोषणा संस्था के संस्थापक खुर्शीद शेख ने की।

रंगा को उक्त राष्ट्रीय बाल साहित्य पुरस्कार आगामी नवम्बर माह में उदयपुर में एक भव्य समारोह के तहत सम्मानित किया जायेगा। युवा कवि पुनीत कुमार रंगा की अब तक छ: पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। जिनमे प्रमुख रूप से बाल साहित्य की 'आजारी री अलख', बाल विज्ञान, विज्ञान आस-पास और 'मुगती' यह चारों बाल साहित्य की चर्चित पुस्तकें है। इसी तरह रंगा के दो राजस्थानी काव्य संग्रह मुगत आभौ और 'लागी किण री निजर' प्रकाशित-चर्चित हो चुके है।

पुनीत कुमार रंगा राजस्थानी अकादमी के प्रेम जी प्रेम युवा पुरस्कार, राजस्थान बाल साहित्य अकादमी का विष्णु प्रसाद चतुर्वेदी पुरस्कार, युवा कागद पुरस्कार आदि पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं।

इसके साथ-साथ आप नगर निगम बीकानेर, राव बीकाजी संस्थान, शबनम साहित्य परिषद आदि सहित कई प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा अपने साहित्यक योगदान के लिए सम्मानित हो चुके है।

संभागीय आयुक्त 15 को लेंगी समीक्षा बैठक

बीकानेर, (कासं)। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी की अध्यक्षता में 15 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी।

अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जसवंत सिंह ने बताया कि बैठक में बजट घोषणाओं की प्रगति समीक्षा, भूमि आवंटन, पेयजल और विद्युत आपूर्ति, जल जीवन मिशन, मौसमी बीमारियों की स्थिति, अवैध खनन की रोकथाम, स्वच्छता ही सेवा, अमृत 2.0 और राइजिंग राजस्थान सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया जायेगा। सभी अधिकारियों को 9 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे तक आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध करवाने के लिए निर्देश दिए हैं।

नवपद ओली की आराधना, जाप व विशेष व्याख्यान आज से

बीकानेर, (कासं)। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर के सानिध्य में मंगलवार को ढड्ढा चौक में प्रवचन में बीकानेर के मुनि सम्यक रतन सागर ने कहा कि मां-बाप, स्वजन, पांच महाव्रतधारी मुनि व साध्वी को दु:खी और परेशान करने वाले, हाय व बद दुआ लेने वाले जिंदगी में कभी सुख-चैन, धर्म, आध्यात्म की प्राप्ति नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा कि माता-पिता, स्वजन, गरीब व मेहनतकश मजदूर और घर परिवार को छोड़कर साधना, आराधना व भक्ति में लीन सच्चे संत का तिरस्कार, अपमान कर उन्हें शारीरिक, मानसिक व आर्थिक कष्ट पहुंचाने वाला, हाय लेने वाला कभी

■ जैनाचार्य की श्री सूरी मंत्र साधना 19 अक्टूबर तक चलेगी

सुरक्षित, आनंद व धर्म और सुखमय जीवन नहीं जी सकता। शाश्वत धर्म क्रिया व आराधना नहीं कर सकता। उसके मानवता के गुण भी नष्ट हो जाते है। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर 16 दिन की पांचवीं सूरी मंत्र साधना के दौरान मंगलवार को पांच दिन की तपस्या पूर्ण की।

आचार्य की श्री सूरी मंत्र साधना 19 अक्टूबर तक चलेगी। आचार्य श्री की सूरीमंत्र के साथ पांच दिवसीय तप की अनुमोदना चतुर्विद संघ ने की। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर आदि ठाणा 18, साध्वी विजय प्रभा प्रभंजना आदि ठाणा के सानिध्य में बुधवार से नवपद ओली की तपस्या, जाप व विशेष व्याख्यान शुरू होगा।

नवपद ओली के अनुष्ठान 17 अक्टूबर को संपन्न होंगे। इसी दिन जैनाचार्य के सानिध्य में 29 जुलाई को च्यवन कल्याणक पर शुरू हुआ 81 दिवसीय 5 करोड़ नवकार महामंत्र जाप अभियान संपन्न होगा। मुनिश्री सम्यक रतन सागर म.सा. ने बताया कि नवपद ओली के दौरान पंच परमेष्ठी के पांच पद अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय व साधु के साथ तप, ज्ञान, दर्शन व चारित्र की आराधना की जायेगी।

हरियाणा में भाजपा की लगातार तीसरी जीत पर जलेबी खिलाकर जश्न मनाया

बीकानेर, (कासं) भारतीय जनता पार्टी शहर जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अगुवाई में हरियाणा में प्रचंड बहुमत से भाजपा सरकार बनने पर जिला पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को जलेबी खिलाकर पटाखे चलाकर खुशी मनाई।

शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार पर एक बार विश्वास जताया है। जनता के आशीर्वाद से हरियाणा में तीसरी बार भाजपा को बहुमत मिला है। पिछले दो तीन दिन से एग्जिट पोल अलग ही जनादेश दिखा रहा था। लेकिन हरियाणा की जनता ने अपना जनादेश बता दिया। हरियाणा की जनता ने राष्ट्रवाद के लिए, हिन्दुस्तान के लिए, विकसित भारत के लिए भाजपा को चुना है। देहात जिलाध्यक्ष जालम सिंह भाटी ने कहा भाजपा के प्रति अटूट विश्वास हरियाणा की जनता ने दिखाया

हरियाणा में जीत पर बीकानेर में भाजपा संभाग कार्यालय में आतिशबाजी कर जश्न मनाते भाजपाई।

है। इससे सिद्ध होता है कि मोदी के नेतृत्व में जो सरकार चल रही है। उस पर जनता ने मुहर लगा दी है और हरियाणा सरकार के कार्य पर भी मुहर लगाई है। पहली बार हरियाणा की जनता ने किसी पार्टी को तीसरी बार सरकार बनाने का मौका दिया है। इसके लिए हरियाणा की जनता बधाई की पात्र है।

■ हरियाणा में तीसरी बार भाजपा को बहुमत मिला

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सत्यप्रकाश आचार्य, महामंत्री मोहन सुराणा, श्यामसुंदर चौधरी, नरेश नायक, उपाध्यक्ष आनंद सिंह भाटी, हनुमान सिंह चावड़ा, विजय उपाध्याय, मंत्री मनीष सोनी, सांगीलाल गहलोत, जगदीश सोलंकी, महेश व्यास, भारती अरोड़ा, अनु सुथार, कुणाल कोचर, जतिन सहल, महावीर चारण, भूपेन्द्र शर्मा, सुशील शर्मा, पूनमचंद विश्नोई, कमल आचार्य, नरसिंह सेवग, अजय खत्री, मुकेश ओझा, पवन भाटी, दुर्गाशंकर व्यास, इंद्र कुमार ओझा, नंदू गहलोत, राजाराम सीगड़, अनिल हर्ष, राहुल पारीक, चतर सिंह, राम कुमार व्यास, जसराज सिंवर आदि मौजूद थे।

बालकों में संस्कार निर्माण में मां की अहम भूमिका : सुनीता

नोखा, (कासं)। मंगलवार को आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक हिम्मटसर में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता गायत्री शर्मा द्वारा की गई।

मुख्य अतिथि सरिता बिश्नोई व विशिष्ट अतिथि पूजा सुथार व मुख्य वक्ता सुनीता खीचड़ ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य भागचंद बिश्नोई ने आगंतुक अतिथियों का परिचय करवाया। विद्यालय का प्रतिवेदन व्यवस्थापक मनोज कुमार शर्मा ने प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में मातृशक्ति को संबोधित करते हुए सरिता बिश्नोई ने कहा कि बच्चे की प्रथम गुरू मां होती हैं। वो ही बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए उसे तैयार करती हैं। अपने बालक को राम या रावण बनाना है ये मां के हाथों में ही होता है।

नोखा के आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक हिम्मटसर में मातृ सम्मेलन को सुनीता खींचड ने संबोधित किया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सुनीता खीचड़ ने कहा कि बालकों के संस्कार निर्माण में मां की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। अत: मां को सजग रहकर अपने बालक की परवरिश करनी चाहिए। भक्त प्रहलाद व अभिमन्यु की कहानी बताते हुए बताया कि बालक अपनी माता के गर्भ से सीखना शुरू कर देता है। बालक को शुरूआत के पांच वर्ष तक खूब लाड प्यार देना चाहिए। दण्ड से बालक का आत्मविश्वास कमजोर होता है।